उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र
राजकीय महाविद्यालय संजौली , शिमला -6

साहित्य परिषद्

॥ सृजन , रचनात्मक, कला , चिंतन , चेतना ,
और अभिव्यक्ति का मंच ॥

हिन्दी उत्सव - 2024

रिपोर्ट

हिन्दी विभाग एवं साहित्य परिषद् द्वारा आयोजित हिन्दी उत्सव 2024 ।।

18 सितम्बर 2024 को उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में हिन्दी दिवस धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. भारती भागड़ा ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि की भूमिका निभाई। इनके साथ महाविद्यालय का पूरा परिवार कार्यक्रम में उपस्थित रहा। इस कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती व डॉ0 दिनेश नेगी जी के स्वागत संबोधन के साथ हुई । 30 अगस्त से 14 सितम्बर तक साहित्य परिषद् एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान से विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गयी जिसमें विजय रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई गई जोकि सांस्कृतिक पक्ष से सम्बन्धित थी। हिन्दी विभाग ने विभिन्न तरह के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित नृत्य व भारतीय संस्कृति कि झलक दिखता नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे । एक वार्षिक प्रतिवेदन द्वारा साल भर का ब्योरा प्रस्तुत किया गया । महाविद्यालय की प्राचार्या के संबोधन तथा हिन्दी विभाग की प्रध्यापक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और पहाड़ी नाटी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य ने विभागाध्यक्ष डॉ॰ दिनेश नेगी जी , डॉ॰ बबिता ठाकुर जी और प्रो॰ अरूण कुमार जी को इस सफल आयोजन पर बधाई दी । इस अवसर पर महाविद्यालय के वशिष्ठ आचार्य गण व साहित्य परिषद् के संयोजक डॉ राकेश शर्मा जी भी विशेष रूप से शामिल रहे।

हिन्दी उत्सव 2024

• संयोजक :
- डॉ॰ राकेश शर्मा
•• सदस्य :
- डॉ॰ बबिता ठाकुर
- प्रो॰ अरूण कुमार
- डॉ॰ पूजा दूल्टा
- डॉ॰ हेमलता
साहित्य परिषद्
राजकीय महाविद्यालय ,
संजौली

रिपोर्टकर्ता :
साहिल
कला स्नातक तृतीय वर्ष
अध्यक्ष , साहित्य परिषद्
राजकीय महाविद्यालय, संजौली

धन्यवाद